हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 राजा साहू बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला...



07 अंतर महाविद्यालय योग महिला व पुरुष स्पर्धा...



खबर संक्षेप

नर्मदांचल में श्रद्धभाव से मनी शरद पूर्णिमा

नर्मदापुरम। शरद पूर्णिमा के अवसर पर देशभर के प्रमुख मंदिरों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मथुरा, वृंदावन और द्वारका में कृष्ण मंदिरों को विशेष फूलों और लाइटों से सजाया गया है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने आज ही की रात वृंदावन में महारास रचाया था। वहीं, उज्जैन के महाकालेश्वर और काशी विश्वनाथ मंदिर में भी विशेष पूजन व भस्म आरती का आयोजन किया गया। वहीं दूसरी ओर आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार, शरद ऋतु में पित्त का प्रकोप बढ़ जाता है। शरद पूर्णिमा की ठंडी चांदनी और शीतल खीर का सेवन शरीर में पित्त दोष को शांत करता है।

जिले में धीरे-धीरे बढ़ रही ठंड

नर्मदापुरम। अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में प्रवेश करते ही मौसम का मिजाज बदलने लगा है। हालांकि दिन में धूप अभी भी तेज रहती है, लेकिन सुबह टहलने निकले लोगों और देर शाम को ठंडी हवाओं के झोंकों से सिहरन महसूस होने लगी है। मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, तापमान में क्रमिक गिरावट दर्ज की जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि सर्दियों का मौसम अब धीरे-धीरे दस्तक दे रहा है।

थाने में दर्ज हुई शिकायत, आरोपी ट्रैक्टर चालक को किया गिरफ्तार

रायल्टी पूछने पर हुआ विवाद, कर्मचारी पर लाठी और रॉड से किया हमला,गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन को लेकर रेत कंपनी के कर्मचारी पर हमले का मामला सामने आया है। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात डिवाइन सिटी कॉलोनी के पास रेत की रॉयल्टी पूछने पर विवाद हुआ। आरोप है कि कुछ लोगों ने कर्मचारी मोहन सिकरवार पर लाठी-रॉड से हमला किया। बाद में देहात थाने के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसे कुचलने की कोशिश की गई। हमले में मोहन के दोनों पैरों की हड्डियां टूट गईं और छह फ्रैक्चर हुए। सिल्वर मिस्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी अभिमन्यु सिंह ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे वह मोहन सिकरवार के साथ ओंकार गार्डन स्थित कंपनी के ऑफिस जा रहे थे। डिवाइन सिटी कॉलोनी के पास उन्हें रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली मिली। रॉयल्टी के बारे में पूछने पर चालक जितेंद्र उर्फ कलुआ कहार ने कथित तौर पर कहा कि वे रॉयल्टी नहीं लेते। इसके बाद चालक ने किसी को फोन किया। कुछ देर बाद क्रेटा कार से आकाश पांडेय और गोविंद गौर वहां पहुंचे। अभिमन्यु के मुताबिक, आकाश रॉड और गोविंद डंडा लेकर उतरे और मोहन पर हमला कर दिया।

शुक्रवार-शनिवार की रात शहर में रेत की रॉयल्टी पूछने पर विवाद हुआ। जिसमें कुछ लोगों ने कर्मचारी पर हमला कर घायल कर दिया।



पकड़ाया आरोपी

थाना प्रभारी ऊषा मरावी के मुताबिक, पुलिस ने ट्रैक्टर चालक जितेंद्र उर्फ कलुआ कहार (19), निवासी ग्राम रायपुर,को हिरासत में लिया है। ट्रैक्टर-ट्रॉली भी जब्त कर ली गई है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा।

थाने में मामला हुआ दर्ज

कंपनी के कर्मचारी घायल मोहन को लेकर रात में देहात थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज करने को कहा। कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हें अस्पताल जाने के लिए कहा। देहात थाना प्रभारी ऊषा मरावी ने बताया कि रात में फरियादी घटना की स्थिति स्पष्ट नहीं कर पाया था। सीसीटीवी फुटेज और अन्य जानकारी जुटाने के बाद मामला स्पष्ट हुआ, जिसके बाद कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभिमन्यु सिंह की रिपोर्ट पर आकाश पांडेय, मोहित पासी, गोलू बरुआ, गोविंद गौर, कलुआ और चंदू पासी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(**b**), 109(1) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया है। मामले में शनिवार शाम एफआईआर दर्ज की गई।

मौके से भाग ट्रेक्टर चालक

अभिमन्यु के अनुसार, कुछ देर बाद बाइक से मोहित पासी, चंदू पासी और गोलू बरुआ भी मौके पर पहुंचे और मारपीट करने लगे। मोहन जमीन पर गिर गया, जबकि अभिमन्यु अंधेरे में छिप गया। इसके बाद उसने कंपनी के दूसरे कर्मचारियों को फोन कर बुलाया। अभिमन्यु ने बताया कि बाद में वह घायल मोहन को कर्मचारी सुदेश के साथ बोलेरो में लेकर देहात थाने की ओर निकला। हरियाली तिराहे के पास थाने में रिपोर्ट करने के लिए वे गाड़ी से उतर रहे थे, तभी कलुआ ट्रैक्टर लेकर आया और बोलेरो को पीछे से टक्कर मार दी। आरोप है कि इससे मोहन के दोनों पैर दब गए। इसके बाद ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया।

आबकारी विभाग ने की 40 कि.ग्रा. लाहन और 10 लीटर मदिरा जब्त

नर्मदा के घाटों पर की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग के स्टाफ द्वारा नर्मदा घाटों, बंगाली कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन गश्त की गई। इस दौरान मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की गई तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर अवैध मदिरा के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत 2 प्रकरण दर्ज किए गए। विभागीय टीम ने लगभग 40 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 10 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 6,000 रुपये आंका गया है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए गश्त और कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

रोजगार मेले के आयोजन 28 को

नर्मदापुरम। कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर कालेज पिपरिया जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा।

ग्रामों में 29 से 31 अक्टूबर तक होंगी अनेक प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने तथा उन्नत नस्ल की देशी गायों के संवर्धन के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन द्वारा 27 से 31 अक्टूबर 2026 तक गोपाल-कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रदेश के 208 चयनित वृंदावन ग्रामों में पशुपालकों के बीच प्रतिस्पर्धाएं आयोजित होंगी।

नर्मदापुरम जिले में भी 29 से 31 अक्टूबर तक विधानसभा क्षेत्रवार चार वृंदावन ग्रामों का चयन किया गया है। इनमें सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघवाड़ा, होशंगाबाद विधानसभा क्षेत्र में ग्राम रायपुर, सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्राम सेमरी हरचंद तथा पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में ग्राम बाचावानी (बनखेड़ी) शामिल हैं। प्रतियोगिता में सभी वर्गों के पशुपालक भाग ले सकेंगे। इसके माध्यम से पशुपालन को प्रोत्साहन देने, उन्नत नस्ल की देशी गायों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

ओवरब्रिज से सवारी बैठाने पर की चालानी कार्रवाई नवीन बस स्टैंड से बसों के संचालन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार इटारसी में बसों के संचालन को लेकर प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) श्री प्रमोद कापसे ने बसों का निरीक्षण किया। इस दौरान इटारसी ओवरब्रिज से यात्रियों का परिवहन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई तथा उन्हें निर्धारित स्थान से ही बसों का संचालन करने के निर्देश दिए गए।

आरटीओ श्री कापसे ने बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रियों को बैठाने और उतारने का कार्य नवीन बस स्टैंड से ही किया जाए। इटारसी ओवरब्रिज से सवारी बैठाने अथवा उतारने की अनुमति नहीं है। उन्होंने बस संचालकों को नियमों का पालन सुनिश्चित करने



तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। आरटीओ ने सख्त हिदायत दी कि यदि कोई बस संचालक ओवरब्रिज से यात्रियों का परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित बस का परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

एशियन गेम्स की विजेता हर्षिता तोमर को बधाई देने पहुंचे पूर्व विधायक मानक अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

एशियन गेम्स में विजेता बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली हर्षिता तोमर को बधाई एवं शुभकामनाएँ देने के लिए पूर्व विधायक मानक अग्रवाल एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुड्डन पांडे पहुँचे। इस दौरान दोनों नेताओं ने हर्षिता तोमर को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मानक अग्रवाल एवं गुड्डन पांडे ने कहा कि हर्षिता तोमर की सफलता क्षेत्र के लिए गर्व



का विषय है। उनकी उपलब्धि ने न केवल क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, बल्कि युवाओं और उभरते खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

हर्षिता तोमर की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने भी उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई ऊँचाइयाँ हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

गुरु रामदास साहिब जी के प्रकाश पर्व पर 27 अक्टूबर को सजेगा विशेष कीर्तन दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धन-धन श्री गुरु रामदास साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, इटारसी में मंगलवार, 27 अक्टूबर को विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। इस अवसर पर श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई गुरजीत सिंह जी बैकां एवं इटारसी के हजूरी रागी जत्थे के भाई अजीत सिंह जी गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल करेंगे। प्रकाश पर्व के कार्यक्रमों की शुरुआत रविवार, 25 अक्टूबर को श्री अखंड पाठ साहिब की आरंभता के साथ हुई।

प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, इटारसी के प्रधान सेवादार



जसवीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि स्वर्गीय सरदार गुरचरन सिंह जी दुआ की स्मृति में सरदार राजेंद्र सिंह जी दुआ परिवार की ओर से 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ किया गया। मंगलवार, 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे अखंड पाठ साहिब का भोग होगा। इसके पश्चात सुबह 10:30 से 11:15 बजे तक भाई अजीत सिंह जी गुरबाणी कीर्तन करेंगे। सुबह 11:15 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक श्री दरबार साहिब, अमृतसर के हजूरी रागी भाई गुरजीत सिंह जी बैकां गुरबाणी कीर्तन द्वारा संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे। दोपहर 1 बजे दीवान की समाप्ति होगी, जिसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। प्रकाश पर्व के अवसर पर मंगलवार, 27 अक्टूबर को शाम को भी विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा। शाम 6:45 बजे पाठ साहिब श्री रहिरास साहिब जी होगा। इसके बाद रात 7:30 से 8 बजे तक भाई अजीत सिंह जी तथा रात 8 से 9:30 बजे तक भाई गुरजीत सिंह जी बैकां गुरबाणी कीर्तन करेंगे। रात 10 बजे कार्यक्रम की समाप्ति होगी।

नरवाई प्रबंधन को लेकर ड्रोन से की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने और फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिवनी मालवा तहसील क्षेत्र में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें मैदानी स्तर पर सक्रिय हैं। एसडीएम सिवनी मालवा श्री विजय राय ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नरवाई प्रबंधन कार्यों का निरीक्षण किया तथा किसानों को नरवाई नहीं जलाने के लिए जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री राय ने ग्राम गाजनपुर में बेलर मशीन के माध्यम से किए



जा रहे नरवाई प्रबंधन कार्य का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से चर्चा कर फसल अवशेषों का पर्यावरण-अनुकूल तरीके से प्रबंधन करने तथा उपलब्ध कृषि यंत्रों का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने आसपास के किसानों को भी बेलर सहित अन्य कृषि उपकरणों की सहायता से अपने खेतों में नरवाई प्रबंधन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

नर्मदापुरम जिले में स्वामित्व पंजीयन का आंकड़ा 11 हजार के पार, अब तक 11,609 पंजीयन पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के अंतर्गत पंजीयन कार्य में तेजी आई है। पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में अब तक 11,609 पंजीयन पूर्ण किए जा चुके हैं। पंजीयन कार्य में तेजी लाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अब प्रतिदिन 2 हजार से अधिक पंजीयन किए जा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में पंजीयन की संख्या में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है।

एसएलआर डॉ. सुरेखा यादव ने बताया कि जिले की सभी 10



तहसीलों में पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी लगातार पंजीयन कार्य में जुटे हुए हैं। राजस्व अमले द्वारा घर-घर पहुंचकर पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराई जा रही है। जिले के 815 गांवों में 300 से अधिक पटवारी एवं अन्य राजस्व अधिकारी-कर्मचारी इस कार्य को संपादित कर रहे हैं। पंजीयन कार्य में तेजी लाने के लिए क्षेत्रवार जोन निर्धारित किए गए हैं, ताकि संबंधित क्षेत्रों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। पटवारियों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। इसके साथ ही जिला स्तर पर तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष टीम तैनात की गई है।

प्रधानमंत्री ने शिवानी के अंगदान का किया उल्लेख



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड में मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले की शिवानी के अंगदान का उल्लेख किया। उन्होंने शिवानी के परिवार द्वारा कठिन समय में लिए गए अंगदान के निर्णय को मानवता और समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रधानमंत्री द्वारा नर्मदापुरम की शिवानी और उनके परिवार के इस निर्णय का उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का श्रवण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे शोध और नवाचार में अंगदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। पीएम ने कहा कि उन्नत चिकित्सा अनुसंधान में अंगदान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अंगदान के माध्यम से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है और चिकित्सा अनुसंधान को भी नई दिशा मिलती है।

विसर्जन के बाद आए फूल माला और अन्य कचरे को हटाया

चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज ने चलाया स्वच्छता अभियान, मातृशक्ति ने संभाली सफाई की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति एवं पुरुषों ने रविवार को सेठानी घाट स्थित चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। अभियान के दौरान घाट पर बिखरे कचरे, फूल-मालाओं एवं अन्य पूजन सामग्री को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया तथा घाट परिसर की साफ-सफाई की गई।

इस मौके पर सेवानिवृत्ति बैंक अधिकारी विजय वर्मा ,नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा , अशोक वर्मा, सीबी खरे , मनोज वर्मा, सुनील राय , सुमन वर्मा, प्रीती खरे, मंजू वर्मा, प्रिया श्रीवास्तव , ममता तिवारी ,अदिति , लालता प्रसाद ,ईरा वर्मा , ज्योति वर्मा, जानकी , रितु श्रीवास्तव, ऋषिकेश श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस मौके पर प्रोफेसर ईरा वर्मा ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों के बाद देवी



प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सेठानी घाट एवं कोरी घाट सहित अन्य विसर्जन स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। विसर्जन के बाद कई लोग फूल-मालाएं एवं अन्य पूजन सामग्री घाट पर ही छोड़ जाते हैं, जिससे गंदगी फैलती है। इसी को देखते हुए कायस्थ समाज ने पहल करते हुए चित्रगुप्त घाट की सफाई की।

मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि "स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि हमारी दैनिक आदत बननी चाहिए। मातृशक्ति समाज में जागरूकता लाने और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारा प्रयास है कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता और स्वच्छता बनी रहे तथा अधिक से अधिक लोग ऐसे सामाजिक कार्यों में सहभ

इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी विजय वर्मा ने कहा कि "नर्मदा घाट हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। इनकी स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। धार्मिक आयोजनों के बाद फूल-मालाएं और पूजन सामग्री घाट पर नहीं छोड़नी चाहिए, बल्कि उन्हें निर्धारित स्थान या डस्टबिन में डालना चाहिए।

13 विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की मरीजों की जांच व स्क्रीनिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले के ग्राम बुधवाड़ा में वरिष्ठ नागरिक समिति के सदस्यों एवं सीनियर सिटीजन के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने उपस्थित होकर मरीजों की स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग की तथा उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। स्वास्थ्य शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों के साथ स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ सहित शहर के 13 प्रसिद्ध चिकित्सक उपस्थित रहे। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का आकलन किया और आवश्यकतानुसार उचित परामर्श दिया।

खबर संक्षेप



रक्तवीर संदीप सोलंकी ने 55वीं बार किया रक्तदान

बैतूल। चिचोली विकासखंड के ग्राम पलैरैय्यत, चुनाहजुरी निवासी अमरनाथ धुर्वे को उपचार के दौरान रक्त की जरूरत पडने पर पत्रकार व रक्तवीर संदीप सोलंकी ने रक्तदान कर सहायता की। उन्होंने सदर स्थित आशा ब्लड बैंक पहुंचकर अपना 55वां रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि अमरनाथ धुर्वे बीते चार दिनों से राठी हॉस्पिटल में भर्ती थे। उनके पैर में पहले प्लेट डाली गई थी। घाव में परेशानी होने के बाद पैर से मवाद निकलने लगा, जिसके चलते उपचार के दौरान उन्हें रक्त की आवश्यकता पडी। परिवारजनो को रक्त की जरूरत का पता चलने पर मदद हेतु संपर्क किया गया। इस संबंध में बजरंग दल अध्यक्ष राहुल रघुवंशी को सूचना मिली। उन्होंने बैतूल की समाजसेवी सरोज माकोडे से संपर्क कर मरीज की स्थिति बताई। सरोज माकोडे ने युवा पत्रकार एवं रक्तवीर संदीप सोलंकी को जानकारी दी। सूचना मिलते ही सोलंकी तत्काल सदर स्थित आशा ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर जरूरतमंद की सहायता की। श्री सोलंकी जरूरतमंदो को रक्त की आवश्यकता पडने पर आगे आकर रक्तदान करते रहे हैं। उनका यह 55वां रक्तदान है। इस अवसर पर आशा ब्लड बैंक के मैनेजर आकाश नागले, टेक्नीशियन विजीट नागपुरे और विशाली अमरूते का विशेष सहयोग रहा।

पूर्व सैनिक संघ ने किया घोड़ाडोंगरी ब्लॉक का गठन

बैतूल। पूर्व सैनिक संघ जिला बैतूल ने संगठन का विस्तार करते हुए घोड़ाडोंगरी (सारनी) ब्लॉक का गठन किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूर्व सैनिक संघ नरेश राजू मालवीय ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा कर पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार मुन्नालाल कापसे को ब्लॉक अध्यक्ष और रूपलाल उइके को संरक्षक बनाया गया है। मनोहर लाल बिसर्दे को उपाध्यक्ष, अनिल साकरे को सचिव, विनोद झा को सह सचिव, अरुण देशमुख को कोषाध्यक्ष और राजेश सिंह चौहान को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, विधांचल को मीडिया प्रभारी और निखिल सोनी को सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष हरिराम पवार, सह कोषाध्यक्ष देव शंकर चौधरी, आनंद झरबड़े और सूबेदार दिनेश चौरसिया मौजूद रहे। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने पूर्व सैनिकों के कल्याण और संगठन को मजबूत बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

जहर खाने से महिला की मौत, दूसरी घटना में युवक खेत में मिला बेहोश

बैतूल। जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खाने और आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आई है। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती किया था। उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी चोपना थाना क्षेत्र के ग्राम पूंजी निवासी ममता पति विकास मंडल (45) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया यह जानकारी सामने आई है कि महिला का गांव में किसी से विवाद हुआ था उसके बाद उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जांच के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मृतिका का रविवार सुबह जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। दूसरी घटना मुलताई थाना क्षेत्र के ग्राम परसोड़ी की सामने आई है। परसोड़ी निवासी निलेश पिता भाऊराव गलफट (26) रात में खेत गया था। जब निलेश के पिता सुबह खेत पहुंचे तो निलेश बेहोशी की हालत में मिला और उल्टियां कर रहा था। जिसके बाद युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

सिंचाई के लिए पानी का भरोसा नहीं, लेकिन चुकाना होगा तीन माह का कनेक्शन शुल्क

3 महीने से कम का नहीं मिलेगा कनेक्शन राशि में बढ़ोत्तरी से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

विद्युत वितरण कंपनी ने रबी सीजन में सिंचाई के लिए दिए जाने वाले अस्थाई कनेक्शनों की दरें जारी कर दी है। नए टैरिफ प्लान में पिछले साल की तुलना में कनेक्शन की दरों में इजाफा किया है। बताया गया कि पिछले साल 3 एचपी कनेक्शन के रेट तीन माह के 5917 रुपए थे, जो इस साल बढकऱ 6512 रुपए पर पहुंच गए है। इसी प्रकार 5 एचपी कनेक्शन के तीन माह के रेट 9634 रुपए थे, जो इस साल बढकर 10627 हो गए हैं, वहीं किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता की गई है। यह ऐसी बाध्यता है जिसमें किसानों को ना चाहकर भी तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा।

कंपनी का कहना है कि यदि किसानों को एक या दो माह का कनेक्शन चाहिए, तो उसे तीन माह का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा। ऐसे में किसान असमंजस में है, क्योंकि जिले में अल्पवर्षा के कारण रबी फसलों की सिंचाई पर वैसे ही संकट मंडरा रहा है। कई जलस्त्रोतों में पर्याप्त पानी नहीं है। किसान सिंचाई की अवधि को लेकर असमंजस में हैं, लेकिन दूसरी ओर अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन की दरों में वृद्धि कर दी गई है। ऐसे में किसानों के सामने सवाल है कि जब जलस्त्रोतों में तीन महीने तक सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी ही उपलब्ध नहीं है, तो वे पूरी अवधि का शुल्क क्यों चुकाएं? पानी की कमी से सिंचाई सीमित रहने की आशंका और बिजली कनेक्शन की बढ़ी दरें किसानों की लागत पर दोहरा दबाव बना रही हैं।



तीन महीने के कनेक्शन की बाध्यता से बढ़ा आर्थिक बोझ

किसानों को न्यूनतम तीन महीने का विद्युत पंप कनेक्शन लेने की अनिवार्यता ने असमंजस में डाल दिया है। किसानों के लिए यह ऐसी बाध्यता है जिसमें ना चाहकर भी किसानों को तीन महीने के लिए कनेक्शन शुल्क एडवांस में जमा करना होगा। जिससे किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। हालांकि पूर्व में यही स्थिति सामने आने पर किसानों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा था। जिसके बाद कंपनी के सीएमडी ने नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए दो महीने का कनेक्शन देने के आदेश जारी किए थे। वहीं स्थिति एक बार फिर सामने आने पर किसानों में नाराजगी है। बताया गया कि विद्युत कंपनी जिले में हर साल रबी सीजन में 22 से 24 हजार अस्थाई कनेक्शन जारी करती है।

फसलें खराब होने से किसानों की हालत खस्ता

पिछले दो-तीन सालों से लगातार फसलें खराब होने के कारण किसानों की हालत पहले से खस्ताहाल है। इस खरीफ सीजन में भी अल्पवर्षा के कारण फसलों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। ऐसे में कंपनी के आदेश ने किसानों की परेशानी को बढ़ा दिया है। पहले तो किसानों के पास इतना पैसा नहीं है कि वे सीधे तीन माह का कनेक्शन लें। एक माह के कनेक्शन के लिए ही जैसे-तैसे करके पैसे जुड़ पा रहे हैं। ऐसे में कंपनी का यह कहना कि तीन महीने से कम कनेक्शन नहीं दिया जाएगा, तो किसानों के लिए यह किसी आफत से कम नजर नहीं आ रहा है।

पानी का भरोसा नहीं, लेकिन चुकाना होगा पूरा शुल्क

इस साल वैसे ही अल्पवर्षा के कारण जिले के जलाशयों में पर्याप्त पानी नहीं है। किसानों को सिंचाई के लिए कितना और कब-कब पानी मिलेगा, इसे लेकर अनिश्चितता है। इसके बावजूद न्यूनतम तीन महीने का कनेक्शन लेना अनिवार्य होने से एक या दो महीने सिंचाई करने वाले किसानों को भी पूरी अवधि का शुल्क देना पड़ेगा। किसानों के मुताबिक पहले ही खाद, बीज, जुताई और अन्य कृषि कार्यों का खर्च है। ऐसे में बिजली कनेक्शन की बढ़ी दरें उनकी लागत को और बढ़ा रही हैं। किसानों का कहना है बिजली कंपनी को परिस्थितियों के अनुसार एक या दो महीने के अस्थाई कनेक्शन की सुविधा देने पर विचार करना चाहिए, ताकि किसानों का आर्थिक बोझ कम हो सके।

3 एचपी कनेक्शन पर चुकाने होंगे 595 रुपए ज्यादा

इस साल अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन की दरों में वृद्धि हुई है। वर्ष 2025 में तीन एचपी के पंप के लिए तीन महीने का कनेक्शन लेने पर 5917 रुपए जमा करने पड़ते थे, लेकिन अब किसानों को इस साल इसके लिए 6512 रुपए चुकाने होंगे। यानी किसानों को 595 रुपए अतिरिक्त चुकाने पड़ेंगे। इसी तरह पांच एचपी के पंप के तीन महीने के कनेक्शन की राशि भी 9634 रुपए से बढ़कर 10627 रुपए हो गई है। इस पर किसानों को 993 रुपए अधिक खर्च करने होंगे। चार महीने के कनेक्शन की दरों में भी बढ़ोतरी हुई है। तीन एचपी के पंप के लिए पहले 7775 रुपए देने पड़ते थे, जो अब बढकर 8570 रुपए हो गए हैं। वहीं पांच एचपी के पंप के चार महीने के कनेक्शन की राशि 12732 रुपए से बढ़कर 14056 रुपए हो गई है। इस तरह कनेक्शन की अवधि बढ़ने के साथ किसानों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है।

23 हजार किसान लेते हैं कनेक्शन

जिले में हर साल रबी सीजन के दौरान 23 हजार से अधिक किसान अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन लेते हैं, लेकिन इस बार अल्पवर्षा और जलाशयों में पानी की कमी के कारण कनेक्शन लेने वाले किसानों की संख्या में गिरावट दिखाई दे रही है। 16 अक्टूबर तक केवल 709 किसानों ने अस्थाई कनेक्शन लिए हैं। इसके मुकाबले जिले में स्थाई विद्युत कनेक्शनों की संख्या करीब 93 हजार बताई गई है। हालांकि, अभी रबी सीजन की शुरुआत है, इसलिए मौजूदा आंकड़ों से पूरे सीजन में कनेक्शन लेने वाले किसानों की अंतिम संख्या का आकलन नहीं किया जा सकता। फिर भी शुरुआती स्थिति यह संकेत देती है कि किसान सिंचाई की जरूरत और पानी की उपलब्धता को देखते हुए निर्णय ले रहे हैं।

बिजली कंपनी द्वारा जारी पंप कनेक्शन का टैरिफ प्लान

पंप क्षमता	तीन माह	चार माह	पांच माह
3 एचपी	6512	8570	10627
5 एचपी	10627	14056	17485
8 एचपी	16800	22286	27773
10 एचपी	20915	27773	34631
13 एचपी	43666	58108	72550
15 एचपी	50331	66995	83659
20 एचपी	66995	89214	111432

(माह वार के आंकड़े राशि में दर्ज हैं।)

इनका कहना है -

नियामक आयोग द्वारा अस्थाई विद्युत पंप कनेक्शन की दरें निर्धारित की जाती है। कनेक्शन की न्यूनतम अवधि तीन माह के लिए अनिवार्य की गई है। इसलिए किसानों को तीन माह के लिए ही कनेक्शन लेना होगा।

- भूपेन्द्र सिंह बघेल, महाप्रबंधक, विद्युत वितरण कंपनी, जिला बैतूल

घर के बेडरूम में घुसा कबर बिज्जू, किया रेस्क्यू

बैतूल। हमलापुर में एक कबर बिज्जू मकान में घुस गया। अचानक घर में जंगली जानवर को देखकर परिवार के लोग घबरा गए। सूचना मिलने पर सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक उसका रेस्क्यू किया। बाद में उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार, घटना हमलापुर निवासी सुभाष गुजरकर के मकान में हुई। यह कबर बिज्जू छत के रास्ते घर में पहुंचा और बेडरूम में एक बिस्तर के नीचे जाकर छिप गया। जब परिवार को इसकी हलचल का पता चला तो उन्होंने सर्प मित्र को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे सर्प मित्र विशाल विश्वकर्मा ने उसे करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। विशाल विश्वकर्मा ने बताया कि पकड़ा गया कबर बिज्जू करीब पांच साल का नर था। रेस्क्यू के दौरान उसे सुरक्षित तरीके से पकड़ा गया और प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, हमलापुर क्षेत्र में कबर बिज्जू अक्सर दिखाई देते हैं और कई बार घरों तक पहुंच जाते हैं। इससे लोगों में डर की स्थिति बन जाती है। हालांकि, इनके दिखाई देने का मतलब यह नहीं कि ये जानबूझकर इंसानों पर हमला करने आते हैं।

युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

बैतूल। कोतवाली थाना क्षेत्र इटारसी रोड स्थित एक मकान में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया ने बताया कि विशाल पिता अजाबराव लोखंडे निवासी जामगांव थाना साईंखेड़ा बैतूल में इटारसी रोड पर किराए के मकान में रहता था। युवक एक स्कूल में भृत्य का काम करता था।

बैतूल की पांच बस्तियों में निकले संघ के पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैतूल नगर की पांच बस्तियों संत रविदास, श्रीकृष्ण, गायत्री, शास्त्री और माधव बस्ती में रविवार को पथ संचलन निकाले गए। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। संत रविदास बस्ती के संचलन में मुख्य अतिथि रेलवे से सेवानिवृत्त यादव राव डोंगरे और मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख कैलाश यादव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता कैलाश यादव ने अपने उद्बोधन में समाज परिवर्तन के लिए पांच परिवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर विजयादशमी उत्सव में शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। हमें शास्त्र और शस्त्र दोनों में पारंगत होना चाहिए।

वर्तमान समय में विचारों का युद्ध चल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से व्यक्ति निर्माण के कार्य में लगा हुआ है। सेवा, समर्पण और अनुशासन के माध्यम से संघ की पहुंच समाज के विभिन्न वर्गों तक बनी है। उन्होंने संघ को विश्व का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक संगठन बताया। संत रविदास बस्ती के पथ संचलन में विवेकानंद, लोहिया, विनोबा और शंकर वार्ड के स्वयंसेवक शामिल हुए। बस्ती के प्रमुख मार्गों से निकले संचलन का स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल बना बैतूल का नंबर 1 को-एड डे स्कूल

एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026-27 में मिला प्रतिष्ठित सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

देश के सबसे बड़े स्कूल रैंकिंग सर्वे एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2026-27 में सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल को बैतूल का नंबर 1 को-एड डे स्कूल चुना गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान 22 अक्टूबर को पुलमैन होटल, एयरोसिटी, नई दिल्ली में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। एजुकेशन वर्ल्ड द्वारा यह रैंकिंग देश के 34 शहरों के 18 हजार अभिभावकों, शिक्षकों और शिक्षाविदों के सर्वेक्षण और शिक्षा के 14 अलग-अलग मानकों के आधार पर की जाती है, जिसमें शैक्षणिक प्रतिष्ठा, संकाय की योग्यता, पाठ्यक्रम और शिक्षण पद्धति, छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान, खेल शिक्षा, बुनियादी ढांचा, मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण जैसी सेवाएं शामिल हैं। इस मूल्यांकन में संकाय की योग्यता को 200 अंकों का वेटेज और बाकी 13 मानकों को 100-100 अंक, कुल 1500 अंकों में से रैंकिंग तय की जाती है। विद्यालय निर्देशिका दीपाली निलय डागा जी ने इस उपलब्धि पर कहा कि शिक्षा केवल अकादमिक तक सीमित नहीं है, बच्चे का समग्र विकास, उसकी व्यक्तिगत जरूरतें और उसका मानसिक एवं भावनात्मक कल्याण उतना ही जरूरी है।

चिचोली में 3 महिला व 2 पुरुष चिकित्सक पदस्थ

घोड़ाडोंगरी को मिली बड़ी स्वास्थ्य सौगात 13 बंधपत्र चिकित्सकों की हुई नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल/चिचोली

जिले की घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। क्षेत्र के विभिन्न सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कुल 13 बंधपत्र चिकित्सकों की नियुक्ति कर पदस्थापना की गई है। वहीं विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड चिचोली में पांच चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है जिसमें तीन महिला एवं दो महिला चिकित्सक शामिल हैं। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव,उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन चिकित्सकों की पदस्थापना से ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा क्षेत्रवासियों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार मिल सकेगा।

चिकित्सकों को कहां-कहां मिली नियुक्ति

सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में पदस्थ किए गए बंधपत्र चिकित्सको में डॉ. वैशाली मौर्य को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में, डॉ. तन्मय पेंदाम कों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाढर में, डॉ. मयंक सिरसाम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में, डॉ. अजय कुमार साकोम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हीरापुर में, डॉ.यश्वी चौहान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में, डॉ. दीपिका चतुरकर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में, डॉ.आशीष बामंका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में,डॉ.लवीना अखंडे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में, डॉ.उत्कर्ष मालवीय को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में, डॉ.संजय काकोडिया को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिरापाटला में, डॉ.रिशिका खोबरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिचोली में, डॉ.अथर्व शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में एवं डॉ.रीमा कापसे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौंरा में पदस्थ किया गया है।

चिचोली ब्लाक में पांच डॉक्टरों की हुई नियुक्ति

विकास खंड चिचोली अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में 3 महिला एवं एक पुरुष चिकित्सक की पदस्थापना हुई हैं जिसमें डा वैशाली मौर्य,डा यश्वी चौहान,डॉ रिशिका खोबरे एवं डॉ आशीष बामंका शामिल हैं वहीं चिचोली के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र चिरापाटला में डा संजय काकोडिया की पदस्थापना हुई हैं,जिससे अब क्षेत्रवासियों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। चिचोली ब्लाक में पांच डॉक्टरों की नियुक्ति होने पर क्षेत्रवासियों ने क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जनसिंह उइके के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

संगठन मजबूत होगा तो शक्ति निहित होगी

आदर्श स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ़ जयंती जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

आदर्श स्वर्णकार समाज सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को स्वर्णकार समाज के आराध्य श्री 1008 अजमीढ़ देव की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। करीब आधा सैकड़ा स्थानों पर विभिन्न समाज ओर संगठनों के लोगों ने शोभायात्रा का ऐतिहासिक स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के गौरव, बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने अमिट छाप छोडी। सुबह 10.30 बजे इटारसी रोड स्थित कस्तुरी मैरिज लान से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरी। रास्ते भर फूलों की बारिश के बीच स्वर्णकार समाज के आराध्य अजमीढ़ देव की प्रतिमा पर विभिन्न संगठनों और अन्य लोगों ने पुष्प अर्पित किए। शोभायात्रा का शीतल पेय एवं अन्य माध्यमों से स्वागत किया गया। वापस में शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होकर मैरिज लॉन पहुंची। यहां पर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अजमीढ़ देव के छायाचित्र पर समाज के वरिष्ठ नंदकिशोर सोनी, शिवप्रसाद सोनी, प्रेमचंद सोनी, आरडी सोनी, जुगलकिशोर सोनी, रमेश सोनी, समाज के अध्यक्ष संजय सोनी समेत गणेश सोनी, दीपक सोनी, कमल सोनी, नीलेश सोनी, अरविंद सोनी, अंकित रायपुरे, तरूण सोनी, देवीराम सोनी, गणेश सोनी, हरिओम सोनी, अरविंद आदि रहे मौजूद।



मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

अजमीढ़ देव जयंती समारोह में आदर्श स्वर्णकार समाज की ओर से मेधावी विद्यार्थी और समाज के गौरवों का सम्मान किया गया। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थी अक्षदा सोनी, वेदांश सोनी, सेविका सोनी, अदिति सोनी, रिधिमा सोनी, धनिष्ठा सोनी, कनिष्का सोनी, निशा सोनी, श्रेया सोनी, शिवलीना सोनी, मुस्कान सोनी, सलोनी सोनी, श्रेया सोनी, अविका सोनी, डाली सोनी, ईशानी सोनी को मेडल और सर्टिफिकेट देकर समाज के वरिष्ठ लोगों ने सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न वर्गों में समाज का गौरव बढाने वाले व्यक्तियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

इन्होंने किया शोभायात्रा का सम्मान

अजमीढ़ देव की जयंती पर आयोजित शोभायात्रा का रविवार आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया। बढचढकर लोगों ने शोभायात्रा पर फूल बरसाएं। इटारसी रोड पर पवन यादव टीम, गेंदा चौक पर राज प्लायवुड, डॉ नरेश सरदार, शहीद दीपक यादव चौक पर अनिल यादव, महाजन अस्पताल के डॉ आशीष महाजन, कारगिल चौक पर रजनीश आर्य, कोठीबाजार पेट्रोल पंप पर अबीजर हुसैन, बसस्टैंड के पास राजेश आर्य, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हेमंत वागद्रे और टीम, गांधी कांप्लेक्स के सामने नपा, लल्ली चौक पर भाजपा नेता सुनील-रक्कू शर्मा, गांधी चौक पर अरूण गोठी, हेमंत पगारिया, मरही माता मंदिर के पास मंदिर समिति, थाना चौक पर अक्षय ताते? और स्प्रेडिंग स्माइल ग्रुप आदि ने किया स्वागत।

राजा साहू बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



हरिभूमि न्यूज ⏭बैतूल

भाजपा ने व्यापारी प्रकोष्ठ के बैतूल जिला संयोजक की जिम्मेदारी समाजसेवी राजा साहू को सौंपी है। उनकी नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक धीरज खंडेलवाल और जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार की सहमति से की गई। नियुक्ति के बाद राजा साहू ने अपने साथियों के साथ हेमंत खंडेलवाल के निवास पर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। राजा साहू पूर्व में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं महामंत्री रह चुके हैं। उन्होंने प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा में मीडिया संबंधी जिम्मेदारियां निभाने के साथ विभिन्न चुनावों में भी संगठन के लिए कार्य किया है। वर्तमान में राजा साहू प्रदेश टिम्बर एवं सॉ मिल संगठन में नर्मदापुरम संभाग के सचिव, बैतूल जिला काष्ठ निर्माता संगठन के अध्यक्ष, लघु उद्योग भारती के जिला सचिव, विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर के जिला कोषाध्यक्ष तथा बैतूल जिला तैराकी विकास उत्थान समिति के जिला अध्यक्ष भी हैं। उनकी नियुक्ति पर व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की हैं। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से मनोज भार्गव, अतीत पवार, दीपू सलूजा, संजय द्विवेदी, बलवंत धोटे, अनिल पवार, मोहन यादव, विकास पवार, अखिलेश तिवारी और कुशकुंज अरोड़ा आदि शामिल रहे।

खबर संक्षेप

पिता की पुण्यतिथि पर पुत्रों ने राम रहीम रोटी बैंक को किया दान



सोहागपुर। नगर के सोनी परिवार द्वारा एक अनुकरणीय कार्य करते हुए पिता की पुण्यतिथि पर रामरहीम रोटी बैंक को 11 हजार रुपये दीए गए हैं। रोटी बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार तनिष्का ज्वेलर्स सोहागपुर के संचालक रत्नेश सोनी, चंद्रेश सोनी एवं सौरभ सोनी ने अपने पिता स्व. सेठ भगवानदास सोनी की आठवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को राम रहीम रोटी बैंक को 11 हजार रूपये की सहयोग राशि प्रदान की है। यह राशि रोटी बैंक द्वारा जरूरतमंदों, बेघरों, बेसहारा व नर्मदा परिक्रमावासियों को भोजन प्रसादी कराने के नियमित कार्य में उपयोगी होगी। राम रहीम रोटी बैंक परिवार ने सोनी परिवार के इस पुण्य कार्य का आभार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की है।

अज्ञात लोगों द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत थाने में हुई थी दर्ज, पुलिस ने की कार्रवाई

सोहागपुर पुलिस टीम ने पकड़े मूंग व दो बोलेरो जीप चोरी के आरोपी

सोहागपुर थाने में चोरी गई बोलेरो जीप व बीएनएस मे मूंग को चुराने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की गई। उछह जुलाई 2026 को फरियादी इकलेश पुर्विया निवासी गुरारी ने अज्ञात आरोपी व्दारा उसकी बोलेरो जीप चोरी करने की रिपोर्ट की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नर्मदापुरम एसपी एसकेएस थोटा व एएसपी अभिषेक राजन के निर्देशन, एसडीओपी अरविंद शाह के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सोहागपुर गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में सोहागपुर पुलिस टीम ने बड़ी सफलता पाई है। पुलिस टीम ने मूंग चोरी तथा दो बोलेरो गाड़ी चोरी के मामलों में आरोपियों को पकड़ा है।

मामले में सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी द्वारा प्रेस नोट जारी किया गया है। जिसके अनुसार सोहागपुर थाने के अपराध क्रमांक 427/26 धारा 303 (2) में चोरी गई बोलेरो जीप, अपराध क्रमांक 519/2026 धारा 303(2) बीएनएस में चोरी गई बोलेरो जीप एवं अपराध क्रमांक 641/2026 धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस मे मूंग को चुराने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की गई। प्रेसनोट के अनुसार छह जुलाई 2026 को फरियादी इकलेश पुर्विया निवासी गुरारी ने अज्ञात आरोपी व्दारा उसकी बोलेरो जीप चोरी करने की रिपोर्ट की थी। वहीं 23 अगस्त 2026 को फरियादी शेरसिंह इवने निवासी सेमरी ने उनकी बोलेरो जीप किसी अज्ञात व्यक्ति व्दारा चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज की थी। वहीं नौ अक्टूबर 2026 को फरियादी नितिन पुर्विया व्दारा उसकी मील से अज्ञात आरोपी व्दारा मूंग चोरी करने की रिपोर्ट कराई थी। पुलिस ने मामले पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए। प्रकरणों में तकनीकी साक्ष्यो, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियो की पहचान प्रेमनारायण कहार उर्फ कंटर पिता हरिशंकर कहार उम्र 25 साल निवासी राजेन्द्र वार्ड सांडिया रोड पिपरिया, संगीत ठाकुर उर्फ काला पिता बबलू ठाकुर उम्र 21 साल निवासी जलधारा कालोनी पिपरिया, रमेश ठाकुर उर्फ पिल्ली पिता सुखलाल ठाकुर उम्र 19 साल निवासी जलधारा कालोनी पिपरिया, अंकित पिता कमलेश बाथरे उम्र 23 साल निवासी हथवास पिपरिया, अशोक कीर उर्फ पिट्टा पिता चंदन कीर उम्र 38 साल निवासी जलधारा कालोनी पिपरिया तथा जित्तु वंशकार निवासी पिपरिया के रुप मेन हुई। जिसके बाद पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, आटो एवं चोरी गई दोनो बोलेरो जीप कुल मशरुका करीब 7,50,000/- रुपये का जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी गांवों मे आटो से कबाड़ा खरीदने का काम करते हैं। वे रैकीकर रात मे चोरी करने की वारदात को अंजाम देते थे।

इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

मामलों को सुलझाने में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, एसआई राहुल पटेल, विवेक यादव व दिनेश पाल, एएसआई हरपालसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक साजिद अली, आरक्षक अंकुश कौरव, राममोहन रजक, राहुल पदाम, निलेश रघुवंशी, अजय चौधरी, नंदकिशोर, विवेक सोनपुरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

चाकूबाजी का प्रयास करने वाले 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

चाकूबाजी कर हत्या का प्रयास करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला हमले में अशोक सराठे गंभीर रूप से घायल हैं जो जिला अस्पताल में इलाज रत है। शुक्रवार रात 11:30 बजे के करीबआवास कालोनी क्षेत्र में आधा दर्जन के करीबन आरोपियों ने मिलकर 50 वर्षीय अशोक सराठे नामक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकीं देते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। रविवार को माखन नगर पुलिस ने चाकू बाजी कर हत्या का प्रयास करने वाले आवास कालोनी निवासी निहाल खान, सोहेल खान अज्जू खान अनमोल प्रजापति को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया रविवार को आरोपियों का मेडिकल कराने आरोपियों का पैदल जुलूस निकाला फरार आरोपी ताजुल खान और भैया खान की पुलिस तलाश कर रही है। पीड़ित का परिवार इस जानलेवा हमले की घटना से दहशत में है इस मामले में पुलिस ने फरियादी चंचल पिता अशोक सराठे की रिपोर्ट पर सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 109(1),296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की है। पीड़ित जिला अस्पताल में भर्ती है जहां उसका उपचार जारी है।

थाना प्रभारी कंचन सिंह राजपूत ने बताया हत्या के प्रयास की घटना को पुलिस अधीक्षक साइ कृष्णा थोटा गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने एक दल गठित किया। आरोपियों को त्वरित कार्यवाही कर गिरफ्तार करने में में थाना प्रभारी कंचन सिंह, निरीक्षक आकाशदीप पचाया, उप निरीक्षक प्रकाश राजपूत, निरीक्षक अशोक बरवडे, सहायक उपनिरीक्षक गोपाल पाल, प्रधान आरक्षक आशीष शर्मा, हरीश मालवी, मनोज यादव, दिलीप चौरे, आरक्षक अरविंद चौबे ,नरेश मलिक, सुनील उमरिया, दुर्गेश, रोहित गौर नरेंद्र ,अर्जुन सिंह, प्रकाश, महिला आरक्षक विमलेश, सलोनी खरे, सिंधु, धुर्वे एवं साइबर सेल से आरक्षक संदीप रघुवंशी, प्रशांत राजपूत, सागर कुशवाहा, दीपेश की सराहनीय भूमिका रही।

मंत्री सिलावट के आश्वासन पर किसानों ने धरना समाप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

केसला क्षेत्र के दर्जनों किसान केसला ब्लॉक की देवरी माइक्रो सिंचाई योजना में टेंडर में हो रही देरी को लेकर शनिवार से नहर के किनारे धरने पर बैठे थे। किसानों से जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने वीडियो कॉल पर बात कर समस्या समाधान के लिए जल्द तीव्र कार्यवाही का आश्वासन दिया तब जाकर किसानों ने धरना समाप्त किया। मंत्री श्री सिलावट ने किसानों से कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की सरकार है इसलिए कृषक हित के लिए सदैव संवेदनशील है रहती है। उन्होंने धरना दे रहे किसानों से कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल आकर मिले तो सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी वहीं बुलाकर मौके पर ही समस्या समाधान का प्रयास करेंगे।

दरअसल केसला क्षेत्र के सहेली,केसला, ताकू, मोरपानी, धासाई, जालीखेड़ा, मरियारपुरा, मोरपानी, दाउडी झुनकर, ओझापुरा सहित लगभग तीन दर्जन गांव की दस से बारह हजार हैक्टर कृषि भूमि को सिंचित करने 154 करोड़ रुपए की देवरी माइक्रो सिंचाई परियोजना तीन वर्ष पूर्व अक्टूबर 2023 में स्वीकृत हुई थी जिसकी



लागत अब 300 करोड़ हो गई है। परियोजना के लिए सर्वे हो गया है लेकिन इसके टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं होने से नाराज किसानों ने अपना गांव संगठन बनाया और शनिवार को धरना दे दिया। जानकारी मिलने पर विभागीय मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मुख्य अभियंता आर आर मीणा को धरना स्थल पर पहुंचाया जहां श्री मीणा ने किसानों को आश्वस्त किया कि परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति का कार्य प्रगति पर है स्वीकृति उपरांत जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी पर किसान मंत्री तुलसीराम सिलावट से आश्वासन चाहते थे उक्त जानकारी मिलने पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ठाकुर ने धरना स्थल के किसान और मंत्री सिलावट के बीच संवाद सेतु की भूमिका निभाते हुए वीडियो कॉल पर मंत्री श्री सिलावट और किसानों की वर्चुअल चर्चा कराई जिसमें मुख्य अभियंता आर आर मीणा शामिल हुए। इस दौरान अपना गांव संगठन के दुर्गेश धुर्वे और किसान नेता बाबू चौधरी ने मंत्री श्री सिलावट को किसानों की समस्या से अवगत कराया।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने किसानों की बात को धैर्यता के साथ सुना और दुर्गेश धुर्वे को एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भोपाल आमंत्रित किया है जहां वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी समस्याओं के समाधान की बात की बात कही साथ उन्होंने कहा कि मैं और प्रदेश सरकार सदैव किसानों के साथ खड़ी है,परियोजना की लागत बढ़ी है लगभग डबल राशि स्वीकृत की जा रही है,कुछ तकनीकी कारणों से कुछ विलंब हुआ है जल्द ही इन व्यवधानों और सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। मुख्य अभियंता आर आर मीणा ने बताया कि परियोजना में कुछ वनभूमि पर भी कार्य होना है जिसकी स्वीकृति के कारण टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही थी। मंत्री श्री सिलावट के आश्वासन और मुख्य अभियंता की समझाइश पर किसानों ने अपना धरना समाप्त किया।

स्व. श्यामादेवी ओझा को जनप्रतिनिधियों ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

धर्म, संस्कृति, संस्कार और साहित्य के प्रति समर्पित रहा माता का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पंडित जितेंद्र ओझा की माता एवं स्व. नाथूराम ओझा की धर्मपत्नी स्व. श्यामादेवी ओझा की स्मृति में शनिवार को नर्मदापुरम रोड स्थित रिसॉर्ट में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। दिवंगत श्यामादेवी ओझा, पंकज तिवारी, पीयूष तिवारी एवं निखिल तिवारी की नानी थीं। सभा में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों, पत्रकारों एवं शहरवासियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि सभा के प्रारंभ में पंडित प्रभात शर्मा ने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ किया। वहीं आलोक शुक्ला ने भजनों की प्रस्तुति देकर दिवंगत माता को नमन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पत्रकार प्रमोद पगारे ने



उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि श्यामादेवी ओझा का जीवन धर्म, संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों और साहित्य के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा। उन्होंने परिवार को धार्मिक परंपराओं, संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर रखने के साथ-साथ साहित्यिक पुस्तकों की रचना भी की। उनके जीवन मूल्य और विचार सदैव परिवार एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश ब्राह्मण समाज के संरक्षक सुरेश पचौरी, सांसद माया नारोलिया, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा, सविता दीवान शर्मा एवं ओम रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके अतिरिक्त शहर के व्यापारिक एवं औद्योगिक जगत के प्रतिनिधियों, राजनेताओं, पत्रकारों, सर्व ब्राह्मण समाज के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सभा में सहभागिता कर दिवंगत माताजी को श्रद्धांजलि दी। उपस्थितजनों ने शोकाकुल ओझा एवं तिवारी परिवार से भेंट कर अपनी संवेदनाएँ व्यक्त कीं।

सभा में दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

नव दुर्गा उत्सव समिति का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

सार्वजनिक रूप से हिंदूउत्सव समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी के निर्देश अनुसार समिति की बैठक आयोजित हुई । जिसमें नवरात्रि पर्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार किया गया। उसके बाद शहर में जगह-जगह लगभग 75 दुर्गा प्रतिमा स्थापित कि ग ई थी।

हिंदू उत्सव समिति के द्वारा नलकूप बिभाग से 1 नंबर देना प्रारंभ किया गया। सभी दुर्गा प्रतिमा के पंडालों में नंबर दिए गए। उसके बाद पंचमी तिथि से झांकियों की श्रंखला प्रारंभ की गई। पंचमी से लेकर महाअष्टमी तथा दशहरा पर्व पर चल समारोह निकाला गया। उसमें भी जनहित से जुड़ी व्यवहारिक



झांकियों को सजाने में अहम भूमिका निभाई थी।

हिंदू उत्सव समिति के सदस्य एवं वह लोग जो अपने परिवार जनों के उन लोगो की स्मरतीमे पुरुस्कार देते हैं। जिनके आशीर्वाद से फल फूल रहे हैं। यह सभी लोगों को जागरुक करने के लिए झांकियों का अवलोकन करने के लिए भेजा जाता है। अलग अलग विधाओं में अनेक विषयों पर प्रस्तुति दी जाती है। चाट बनाया जाता है। यह लोग निरीक्षण कर के नंबर देते हैं। उसके बाद चयनित किया जा था है। फिर शरद पूर्णिमा पर इनाम घोषित किए जाते हैं।इस तरह का आयोजन इस वर्ष भी सार्वजनिक रूप से मंगलवारा चौराहे पर किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ठाकुरदास नागवंशी, विशेष अतिथि पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल पूर्व विधायक अर्जुनलाल पलिया पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजीव जायसवाल गनपत सिंह राजपूत उदय सिंह राजपूत नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी नारायण ग़ंगेलेश्याम सुंदर सोनी संजीव दुबे भगवान दास अग्रवाल गोपाल गांगुडा सहित हिंदू उत्सव समिति सदस्य जनों एवं अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ नव दुर्गा उत्सव समितियों के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को मंचासीन किया गया। सभी नवदुर्गा उत्सव समिति को पुरस्कृत किया गया था। लेकिन कुछ समितियों ने सभी विषयों पर प्रस्तुति दी और पुरस्कार प्राप्त किए गए।

अंतर महाविद्यालय योग महिला व पुरुष स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी में उच्च शिक्षा विभाग के क्रीडा कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालय योग महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नर्मदा पुरम संभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष प्रवीण कोरी, नीरज यादव, प्राचार्य सांदीपनी विद्यालय मनीष गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस शेखर की उपस्थित में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अग्रणी महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे । संगठन सचिव क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चार महिला दल एवं दो पुरुष दलो ने सहभागिता की एवं पांच महाविद्यालयों के



खिलाड़ियों ने चयन प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। जिसमें महिला वर्ग में शासकीय गृह विज्ञान अग्रणी महाविद्यालय विजेता एवं राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय पचमढ़ी उप विजेता रही एवं पुरुष वर्ग में एसबीएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया विजेता एवं शासकीय नर्मदा महाविद्यालय उपविजेता रहा । इसी के साथ ही संभाग स्तरीय महिला एवं पुरुष दल का भी चयन किया गया जो आगामी 30 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे ।

संभागस्तरीय महिला दल में शिवानी भल्लावी, कृष्णा गौर, स्वाति कहार, कशिश, तनिषा कहार, येति रघुवंशी एवं पुरुष दल में आयुष सोनी, अनुज सिलावट, राज मिथुर, ओम, कमलेश कहार एवं दर्शन आदि खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि चंद्रकांत अग्रवाल, संजीव जायसवाल एवं सुनील कोरी तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य मनीष गुप्ता ने विद्यार्थियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये । निर्णायक मंडल में संतोष यादव श्रीमती ज्योति यादव एवं भानु सिंह तोमर रहे। मंच संचालन सुश्री दीपाली जैन एवं आभार डॉ प्रफुल्ल कुमार ने किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में डॉ शफिया जहरा, डॉ अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सुरेश कुमार दहिकर, सद्धानसा, परमलाल परते एवं सतीश चाण्डेकर सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं सभी खिलाड़ियों का विशेष सहयोग रहा ।

लोटस क्लब ने विधायक विजयपाल सिंह के संरक्षण में किया शहनाज़ अख्तर का देवी जागरण कार्यक्रम

सनातन की शक्तियों ने भारत को विश्वगुरु बनाया है: दादागुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सनातन धर्म की शक्तियों ने भार को विश्वगुरू बनाया है। जैसे गंगा किनारे बड़ी काशी है, वैसे ही पलकमती नदी किनारे बसा सोहागपुर हमारे लिए छोटी काशी है। यह बात मां नर्मदा के भक्त आध्यात्मिक संत दादागुरु ने शनिवार रात संदीपनी स्कूल मैदान में आयोजित लोटस क्लब की शहनाज अख्तर देवी जागरण कार्यक्रम में कही।

संत दादा गुरु मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित थे। लोटस क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के संरक्षण में क्लब द्वारा परंपरा अनुसार देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार रात किया गया। जिसमें हजारों श्रोताओं की





उपस्थिति रही। इस दौरान अतिथि रूप में आध्यात्मिक संत दादागुरु, महंत हरिकिशन दास महाराज, गृहस्थ संत पंडित प्रकाश मनमोहन मुद्गल, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर नपाध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, समाजसेवी चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलाल अग्रवाल, कृष्णा पालीवाल व सैकड़ों आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव मोंटू अग्रवाल, भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल, नीरज यादव, अंकुश जायसवाल, गौरव जैन, गौरव माहेश्वरी, यश खंडेलवाल जैसे सैकड़ाभर कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी भी अतिथि रूप में पहुंचे।

जन सम्मान कार्यक्रम किया

लोटस क्लब अध्यक्ष जेपी माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र व जिले की प्रतिभाओं सहित भाजपा को सोहागपुर क्षेत्र में दशकों पूर्व स्थापित करने के लिए श्रम साधक रूप में कार्य करने वाले दिवंगतों के परिजनों, साहित्यकारों, धर्म जागरण क्षेत्र में कार्यरत संतों, खिलाड़ियों, समाजसवियों का भी सम्मान किया गया। बहुत बड़े मंच से सम्मान पाकर नागरिक प्रसन्न हुए। कार्यक्रम में सांसदद्वय दर्शन सिंह चौधरी तथा माया नारोलिया सहित सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने भी संबोधन दिया। विधायक विजयपाल सिंह ने अपनी विधानसभा के मुख्यालय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया।

स्वागत व सम्मान कार्यक्रम उपरांत विश्व प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ हुआ। जिसमें शहनाज अख्तर ने श्री गणेश वंदना के भजन से शुरुआत की। उसके बाद भगवान महाकाल की भक्ति के भजन सुनाए। और उसके बाद लगातार मां दुर्गा की भक्ति पर आधारित भजनों की प्रस्तुति शहनाज अख्तर ने दी। शहनाज अख्तर की कर्णप्रिय आवाज में गाए गए भजनों पर श्रोता अपने स्थलों पर झूमकर नृत्य करते नजर आए। देर रात संपन्न हुए कार्यक्रम के अंत में लोटस क्लब अध्यक्ष अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, समस्त सहयोगियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

शरद पूर्णिमा पर निकाला पथ संचलन

पिपरिया। नगरपालिका परिषद क्षेत्र के पचमढ़ी रोड इतवारा बजार सहित अन्य सभी लगभग 5 वस्तियों का पथ संचलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा निकाला गया।जिसका एकत्रीकरण दुर्गा मंदिर शिवाजी चौराहे के पास किया गया। संयुक्त पर संचलन निकाला गया।शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जांबाज देशभक्तों के द्वारा निकाला गया। जिसमें अधिकारी वर्ग जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के है।वह शामिल हुए। शस्त्र पूजन किया गया। संचलन के माध्यम से अनुशासन संगठन राष्ट्रीय भक्ति एवं सामाजिक समरसता का सन्देश दिया गया। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार अलग-अलग वस्तियों से पर संचलन निकाला गया।और अधिकारी वर्ग ने शस्त्र पूजन किया गया। अधिकारी का उद्बोधन दिया गया।घोष की मधुर आवाज के साथ सैंकड़ों स्वयंसेवक नगर के विभिन्न मार्गों में संदेश दिया गया। सैकड़ों सहयोगी जनों के सहयोग से कार्य किया गया। युवा मोर्चा के सिपाहियों ने आगे बढ़कर भाग लिया था।

खबर संक्षेप



यात्री प्रतीक्षालय में घुसी निजी बस, बड़ा हादसा टला

झिरन्या। समीपवर्ती ग्राम डेहरिया के यात्री प्रतीक्षालय में रविवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। इस दौरान एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर यात्री प्रतीक्षालय की दीवार तोड़ते हुए अंदर जा घुसी। गनीमत रही कि हादसे के समय बस में यात्री नहीं थे और प्रतीक्षालय के आसपास बैठे लोग भी बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार हादसा सुबह करीब 7:15 बजे हुआ। हबीब सुरूर कंपनी की यात्री बस ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित हो गई। यह टक्कर इतनी तेज थी कि प्रतीक्षालय की पूरी दीवार टूट गई और धमाके जैसी आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन प्रतीक्षालय को भारी नुकसान पहुंचा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस को मौके से हटा दिया गया है।

श्रमिकों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को समस्याएं बताई

खरगोन। श्रमिकों ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों को समस्याओं से अवगत करवाया। इस मामले की जानकारी संबंधित एनटीपीसी अधिकारियों को दी गई। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों को आश्वस्त किया गया कि उनकी सभी समस्याओं एवं प्रश्नों को व्यक्तिगत रूप से सुना जाएगा तथा प्रत्येक विषय पर लागू नियमों एवं निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार जाँच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी आश्वासन दिया कि श्रमिकों की समस्याओं पर उचित विचार किया जाएगा तथा संबंधित विभागों के माध्यम से उनके समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँगे। संवाद एवं आश्वासन के माध्यम से स्थिति को नियंत्रित एवं व्यवस्थित बनाए रखा गया।

नई पानी टंकी में रिसाव ने खोली निर्माण की पोल, क्षमता से ज्यादा पानी भरने पर उठे सवाल

13 लाख की टंकी में 16 लाख लीटर पानी पहले ही ट्रायल में खुल गई नपा की पोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के गंज दशहरा मैदान के पास नवनिर्मित पानी की टंकी ने जलापूर्ति शुरू होने से पहले ही नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शनिवार को ट्रायल के लिए टंकी में पानी भरा गया तो कई जगह से रिसाव और ओवरफ्लो की स्थिति सामने आई। कांग्रेस नेता विवेक राठौर और रामप्रकाश चौधरी ने आरोप लगाया कि जिस टंकी की डिजाइन क्षमता 13 लाख लीटर बताई जा रही है, उसमें 16 लाख लीटर तक पानी भर दिया गया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता, तकनीकी निगरानी और अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यदि अधिक दबाव से टंकी को नुकसान पहुंचता या कोई बड़ा हादसा हो जाता तो जिम्मेदारी कौन लेता? दूसरी ओर नगर पालिका के सहायक यंत्री विजय कोली ने इसे ऑपरेटरों के बीच समन्वय की कमी से हुआ ओवरफ्लो बताया और संरचना को सुरक्षित बताया है।

पहले ट्रायल में ही रिसाव, शुरू होने से पहले सवालों के घेरे में टंकी

गंज दशहरा मैदान के समीप बनी इस नई पानी की टंकी का शुभारंभ 20 जून को किया गया था। इस टंकी से शनिवार को जलापूर्ति शुरू करने की तैयारी थी। इसके पहले ट्रायल के तौर पर टंकी में पानी भरा गया, लेकिन पानी भरने के दौरान ही जगह-जगह से रिसाव दिखाई देने लगा। ओवरफ्लो की स्थिति सामने आने के बाद निर्माण की गुणवत्ता और टंकी के संचालन को लेकर सवाल उठने लगे। जिस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर जलापूर्ति की उम्मीद थी, उसी के पहले परीक्षण ने नगर पालिका के सामने असहज स्थिति पैदा कर दी।

नगर पालिका के तकनीकी अमले की निगरानी पर सवाल उठाए

कांग्रेस नेता रामप्रकाश चौधरी ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि टंकी की डिजाइन क्षमता 13 लाख लीटर है, तो उसमें 16 लाख लीटर पानी भरने की जरूरत और अनुमति किस आधार पर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण की निर्धारित क्षमता और वास्तविक संचालन के बीच अंतर की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। चौधरी ने ठेकेदार की भूमिका और नगर पालिका के तकनीकी अमले की निगरानी पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि जनता के पैसे से बनी ऐसी संरचना के मामले में केवल आश्वासन देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्माण और क्षमता से जुड़े तथ्यों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

अगर टंकी को नुकसान होता तो जवाबदेह कौन होता ?

कांग्रेस नेताओं ने संभावित खतरे का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यदि अधिक पानी भरने से टंकी की संरचना प्रभावित होती और कोई जनहानि हो जाती तो जिम्मेदारी किसकी तय होती। उन्होंने सवाल किया कि क्या टंकी में पानी भरने से पहले उसकी निर्धारित क्षमता और सुरक्षा संबंधी तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया था? उन्होंने नगर पालिका से मामले की जांच कराने और जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उनके मुताबिक, जनसुरक्षा से जुड़े मामले में लापरवाही की आशंका को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

सीमा पाटीदार ने मूल्य संवर्धन से बढ़ाई आय

एफपीओ से जुड़कर स्थापित की सीड व मिर्ची प्रोसेसिंग यूनिट, 20 लोगों को मिला रोजगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में कृषि आधारित उद्यमिता और मूल्य संवर्धन के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी सामने आई है। ग्राम डलकी, पोस्ट सिरखण्डी, तहसील सेगांव निवासी श्रीमती सीमा बालकृष्ण पाटीदार ने किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़कर पारंपरिक खेती को आधुनिक प्रसंस्करण एवं विपणन से जोड़ा है। उनकी इस पहल से न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि 20 लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। सीमा पाटीदार के अनुसार, पहले वे सामान्य तरीके से खेती करती थीं। फसल तैयार होने के बाद मंडी में मिलने वाले भाव पर ही उपज बेचनी पड़ती थी। कई बार उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण उपज वापस लाने की स्थिति भी बन जाती थी। उस समय उनकी मासिक आय लगभग 20 से 25 हजार रुपये थी। फसल के प्रसंस्करण और बेहतर विपणन की सुविधा नहीं होने से आय बढ़ाने के अवसर सीमित थे।

एफपीओ से जुड़कर शुरू किया मूल्य संवर्धन का कार्य

एफपीओ से जुड़ने और प्रसंस्करण की सुविधाएं उपलब्ध होने के बाद उन्होंने अपने कृषि व्यवसाय को नया स्वरूप दिया। खेती के साथ सीड प्रोसेसिंग यूनिट और मिर्ची प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की। अब मिर्ची से मिर्च पाउडर और मिर्ची स्नैक्स जैसे मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। इन उत्पादों का स्थानीय बाजार में विक्रय करने के साथ एफपीओ के माध्यम से विदेशों में निर्यात भी किया जा रहा है। इससे कृषि उपज को केवल कच्चे माल के रूप में बेचने के बजाय तैयार उत्पादों के रूप में बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिला है।

पीएमएफएमई योजना से मिला आर्थिक संबल

सीमा पाटीदार की मिर्ची प्रोसेसिंग यूनिट प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत स्थापित हुई है। इस इकाई के लिए लगभग 30 लाख रुपये का ऋण और 10 लाख रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। योजना से मिले सहयोग ने प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने और कृषि उपज का मूल्य संवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रसंस्करण एवं विपणन गतिविधियों से जुड़ने के बाद श्रीमती सीमा पाटीदार की मासिक आय बढ़कर लगभग एक लाख रुपये हो गई है। उनके व्यवसाय का वार्षिक कारोबार लगभग 55 से 60 लाख रुपये तक पहुंच गया है। वर्तमान में इस व्यवसाय से 20 लोगों को रोजगार मिल रहा है। एफपीओ के माध्यम से अन्य किसानों की उपज का भी सामूहिक संग्रहण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन किया जाता है। इससे किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने की दिशा में सहायता मिल रही है।

किसानों के लिए बनीं प्रेरणा

सीमा पाटीदार का मानना है कि किसानों की वास्तविक तरक्की केवल उत्पादन बढ़ाने में नहीं, बल्कि उपज के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और बेहतर बाजार से जुड़ने में है। उनकी सफलता की कहानी बताती है कि सरकारी योजनाओं, एफपीओ के सहयोग और उद्यमशीलता के समन्वय से खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदला जा सकता है। सीमा पाटीदार की यह सफलता ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और कृषि आधारित रोजगार सृजन की प्रेरक मिसाल है।

विजयादशमी के उपलतक्ष्य में संघ ने निकाला पथ संचलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झिरन्या मंडल के तत्वावधान में विजयादशमी उत्सव पर रविवार को नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। शस्त्र पूजन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से संचलन किया। पथ संचलन का समापन आदर्श शिक्षा निकेतन परिसर में हुआ। कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार झिरन्या प्रज्ञा पीठ के ह्यआओ संस्कार गढ़ेंह्ल अभियान के प्रमुख ज्योति गणेश राठौड़ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डोंगरसिंग सोलंकी ने पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन की अवधारणा पर उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय विचारों से प्रेरित जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया।

साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे खिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

हायर सेकंडरी स्कूल कुकडोल में कुमारखेड़ा के 11 बालक-बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरित की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच परसराम वास्कले, उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल गोगावां के प्राचार्य राहुल पाढ्ढेय, स्कूल की प्राचार्य ललिता धुले, पंच कमल सहित शिक्षक स्टाफ उपस्थित था । कुमारखेड़ा स्कूल में पढ़ने वाले अक्षय बचाने, आर्यन धनगर, बसकर चौहान, खुशी बछाने,मयूरी चौहान, पायल सोलंकी, रानी गाडगे, रानी चौहान, तेजल चौहान, वर्षा चौहान ने साइकिले प्राप्त की। इन बच्चों को साइकिले मिलते ही उनके चेहरों पर रौनक देखते ही बनती थी । रानी गाडगे एवं मयूरी चौहान ने बताया कि उनका गांव यहां से ढाई किलोमीटर दूर है। रोज पैदल आना-जाना होता है । अब साइकिल से आना जाना होगा, लेकिन रास्ते की स्थिति बहुत खराब है । बारिश के दिनों में तो साइकिल तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बसकर चौहान एवं खुशी बछाने ने कहा कि हमारे गांव से स्कूल तक की सड़क बनाने की मांग कई सालों से कर रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर; फिर गड्ढे में पलटा, एक घायल, भोपाल-इंदौर मार्ग पर हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में भोपाल-इंदौर मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर सड़क हादसा हो गया। कुबरेश्वर धाम के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर सामने चल रही कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया।

इस दुर्घटना में कार-ट्रक दोनों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं, हादसे के दौरान एक व्यक्ति के घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर इक्ट्ठा हो गए। जिससे मार्ग पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि ट्रक गड्ढे में पलटने के बजाय सड़क पर पलटता, तो जनहानि और भी बड़ी हो सकती थी। हादसे के बाद मौके पर यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों को तुरंत चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

'फटी वर्दी में नहीं करेंगे हम काम बैंक खातों में करो पूरा भुगतान'

कोटवारों को किया जाए जमीन मालिक और सरकारी कर्मचारी घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोटवारों ने फटी वर्दी पहनकर काम करने से साफ इंकार कर दिया है। कोटवारों की हड़ताल का असर राजस्व के कामों में दिखाई दे रहा है। कोटवार तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। कोटवार सेवाभूमि का मालिक बनाने, सरकारी कर्मचारी घोषित करने और वर्दी की राशि बैंक खाते में ही देने की मांग सरकार से कर रहे हैं। हड़ताल शनिवार को भी जारी रही । सभी गांव के प्रमुख ग्राम चौकीदार कोटवार हड़ताल में शामिल रहे।

इधर कोटवारों की हड़ताल से किसानों के सीमांकन बटवारा कब्जा दिलाने जैसी कार्यवाहियों के साथ कोटवारों के माध्यम से किसानों को भेजे जाने वाली सूचनाओं का आदान-प्रदान भी बंद हो गया है। ग्राम कोटवार के बिना तहसीलदार,आरआई, पटवारी कोई भी राजस्व विभाग का जमीनी काम नहीं कर पा रहे हैं जिस कारण किसानों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कोटवारों के द्वारा की जा रही हड़ताल के तहत सीहोर जिले के कोटवार भी 28 अक्टूबर तक हड़ताल पर बैठ गए हैं। संघ के जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री और पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों को पुलिस की तरह खाकी वर्दी उपलब्ध कराई थी लेकिन उनके केन्द्र में जाने के बाद वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कोटवारों को दी गई वर्दी फट चुकी है गल चुकी है। राजस्व विभाग के द्वारा दी जा रही सीली हुई वर्दी पहनने के लायक नहीं है।

जिला अध्यक्ष मालवीय ने कहा कि हमारे दादा परदादा सरकार की सेवा करते आए हैं और गांव में होने वाली हर हलचल पर निगरानी रखते हैं बावजूद इसके हमें मामूली वेतन दिया जा रहा है और सरकारी कर्मचारी भी घोषित नहीं किया जा रहा है। सेवा भूमि पर भी कोटवारों को मलिकाना हक नहीं दिया जा रहा है । जिसके चलते कोटवारो का भविष्य अंधकार में बना हुआ है। कोटवार लंबे समय से सरकार से सरकारी कर्मचारी घोषित करने और सेवा भूमि का मालिक बनाने सहित वर्दी के लिए कपड़ा लेने और सिलवाने की राशि सीधे कोटवार के बैंक खाते में देने की मांग कर रहे हैं लेकिन सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है जिस कारण कोटवारों में आक्रोश बना हुआ है। धरना प्रदर्शन हड़ताल में जिला उपाध्यक्ष कालूराम, तहसील अध्यक्ष अमर सिंह, उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, लालू सेन इछावर, राजमल, जितेंद्र, गोपाल सिंह, रामभरोस, मांगीलाल, राधेश्याम, आनंद, संतोष मालवीय, गोपाल सिंह अहिरवार, अजबसिहं सेवनिया, मंगीलाल खुशीलाल रमेश प्रसाद, बाबुलाल भारती, रामभरोष संतोष मालवीय, रामनश्याण -जंगीरपुरा लीला किशन,राजमल,योगेश, आनंद, महेश कुमार, धर्मेन्द्र,दयाराम, अमरसिंह, अजब सिहँ, खुशीलाल, रामभरान राकेश राधेश्याम, राजेश मोहनलाल, दयाराम, मलखान सिंह,रामस्वरूप के सैकड़ों कोटवार साथी मौजूद रहेंगे।

विकसित भारत युवा संसद 2027 के लिए आवेदन 30 तक

सीहोर। युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने, सार्वजनिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नीति-निर्माण की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित भारत युवा संसद 2027 का आयोजन किया जा रहा है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी और गैर-विद्यार्थी दोनों वर्गों के पात्र युवा भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' निर्धारित किया गया है। इसमें भाग लेने के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 17 अगस्त 2026 तक आवेदक की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। ग्रामीण युवाओं, महिलाओं तथा वंचित वर्गों के युवाओं को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि, युवा संसद के पिछले संस्करणों के राष्ट्रीय दौर के फाइनलिस्ट इस बार पात्र नहीं होंगे। प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होगी। प्रथम चरण में 31 अक्टूबर से 10 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद 17 नवंबर से 7 दिसंबर 2026 तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। अंतिम चरण में 9 और 10 जनवरी 2027 को नई दिल्ली स्थित संविधान सदन में राष्ट्रीय दौर आयोजित किया जाएगा।

2 मेगावाट के सोलर प्लांट से ट्रांसफार्मर का कॉपर केबल और ऑयल चोरी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

भैरूंदा। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की कार्रवाई को लेकर एक बार फिर सवाल उठ रहे हैं। थाना क्षेत्र के राला गांव में स्थित 2 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट से ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर कॉपर केबल और ऑयल चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर प्लांट संचालक भारत सिंह भाटी की शिकायत पर पुलिस ने 19 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज की थी, लेकिन शिकायत के अनुसार घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद चोरी के मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। भारत सिंह भाटी का राला गांव में सोलर प्लांट स्थापित है। प्लांट पर बिजली व्यवस्था के लिए ट्रांसफार्मर लगाया गया था, जो घटना से करीब एक सप्ताह पहले ही आया था। प्लांट की सुरक्षा के लिए गार्ड की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, 16 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे गार्ड ने फोन कर बताया कि 15 अक्टूबर की रात लगभग 11:30 बजे सोलर प्लांट में चोरी की घटना हुई है। सूचना मिलने पर प्लांट संचालक अपने भाई के साथ मौके पर पहुंचे। वहां जांच करने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति छोटे एवं बड़े ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसके अंदर से कॉपर की केबल और ऑयल निकालकर ले गए। कुछ ऑयल जमीन पर भी गिरा हुआ मिला।

मंत्री के मंच से कड़े रुख के बावजूद खुद के गृह जिले में सुस्त पड़े पटवारी

डिजिटल व्यवस्थाओं के बावजूद जिले में काम की रफ्तार बेहद धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आए दिन सार्वजनिक मंचों से अधिकारियों और पटवारियों को सख्त हिदायत देते नजर आते हैं, लेकिन उनके खुद के गृह जिले सीहोर में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में सीहोर जिला पिछड़कर प्रदेश में 17वें स्थान पर आ पहुंचा है। मंत्री जी के बार-बार कड़े तेवर दिखाने के बावजूद उनके अपने ही जिले में पटवारी पूरी तरह सुस्ती साधे बैठे हैं, जिसका सीधा असर ग्रामीण हितग्राहियों पर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण आबादी को उनकी संपत्ति के वैधानिक दस्तावेज देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर पर स्वामित्व योजना के विशेष चरण की शुरुआत की गई थी। शुरुआत में पटवारियों द्वारा किए गए बहिष्कार के चलते जिले में कई दिनों तक एक भी रजिस्ट्री दर्ज नहीं हो सकी। हालांकि बाद में राज्य सरकार ने पटवारियों की मांगों को स्वीकार कर लिया, लेकिन इसके बावजूद सीहोर जिले के पटवारी काम में तेजी या चुस्ती-फुर्ती दिखाने के मूड में नजर नहीं आ रहे हैं।

चार विधानसभाओं वाले बड़े जिले का निराशाजनक प्रदर्शन–बता दें सीहोर एक बड़ा और प्रशासनिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण जिला है, जिसमें बुधनी, सीहोर, आष्टा और स्वयं राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की विधानसभा सीट इछावर शामिल हैं। इसके बावजूद अब तक जिले में केवल 3,534 रजिस्ट्रियां ही दर्ज हो सकी हैं। मंत्री जी के अपने क्षेत्र और प्रभाव के बावजूद इस तरह का लचर प्रदर्शन स्थानीय प्रशासनिक कसावट और पटवारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

शीर्ष जिलों से बहुत पीछे सीहोर

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पूरे मध्य प्रदेश के सभी 55 जिलों में अब तक कुल 1 लाख 60 हजार 230 रजिस्ट्रियां पूरी की जा चुकी हैं। योजना में छिंदवाड़ा जिला 8,530 रजिस्ट्रियां पूर्ण कर पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

डिजिटल तकनीक और ड्रोन सर्वे के बावजूद ढिलाई

स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी क्षेत्र का ड्रोन तकनीक से सटीक सर्वे किया जाता है, ताकि ग्रामीणों को उनकी जमीन-मकान का स्पष्ट कानूनी हक मिल सके और वे बैंक लोन जैसी वित्तीय सुविधाओं का लाभ उठा सकें। सरकार ने इस प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए सारा एप और संपदा 2.0 जैसी डिजिटल प्रणालियों को भी लागू किया है। तकनीक की उपलब्धता और पारदर्शी व्यवस्था होने के बावजूद सीहोर में पटवारियों का रवैया उदासीन बना हुआ है। यदि यही स्थिति रही तो राजस्व मंत्री के गृह जिले के हजारों ग्रामीणों को अपनी ही संपत्ति का मालिकाना हक पाने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ सकता है।